an>

Title: Need to enhance the honorarium of Anganwadi workers in Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) ः देश के सभी जनपदों में आंगनबाड़ी कार्यक्रम लागू है। आंगनवाड़ी कार्यक्रम के पुष्टाहार योजना को सम्पूर्ण देश में लगभग 26 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा समर्पित भाव से लागू किया जा रहा है। उसके बदले में उन्हें मामूली मानदेय प्रदत्त किया जाता है। देश के सभी राज्यों में अलग-अलग दर से मानदेय दिया जाता है जबकि पूरे देश में समान कार्य के लिए समान वेतन दिये जाने की व्यवस्था लागू है। पूरे देश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्टाहार योजना एवं प्रदेश की अन्य बहुत-सी योजनाएं जैसे पल्स पोलियो, साक्षरता अभियान, जनगणना, चुनावी ड्यूटी आदि कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संपन्न कराने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होने के बावजूद इन्हें देश में लागू न्यूनतम मजदूरी की दर से मानदेय न दिये जाने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को अपने परिवार का पालन-पोषण करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। विगत कई वर्षों से उत्तर प्रदेश आंगनवाड़ी संघ अपनी ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अतः भारत सरकार से मांग करता हूं कि इनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए सम्मानजनक मानदेय निर्धारित किया जाये तथा इन्हें सरकारी कर्मचारी के रूप में नियमित किया जाये क्योंकि आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता सरकार के सभी राष्ट्रीय कार्य जैसे पल्स पोलियो, जनगणना, साक्षरता आदि कार्य करने में महत्वपूर्ण योगदान करती हैं।